**Unique Paper Code : 22415103**

**Name of the Paper : Basics of Accounting**

**Name of the Course : B.Com (Hons.)/CBCS**

**Semester : I**

**Duration : 3 Hours** **Maximum Marks : 75**

**Instructions for Candidates:**

**1. Attempt *ANY FOUR* Questions out of given SIX Questions.**
**2. Simple Calculators are allowed to be used.**
**3. Working Notes should form part of the answer.**
**4. Answers to theory questions should be brief and to the point.**

**1**(a) Give any four differences between Cash basis and Accrual basis of acounting. **[4 Marks]**
(b) Give any four differences between Straight Line Method and Written Down Value Method. **[4 Marks]**
(c) Give any four differences between FIFO and LIFO. **[4 Marks]**
(d) Give any four differences between Periodic and Perpetual Method of Inventory Valuation. **[4 Marks]**
(e) Define Depletion and Amortisation. **[2.75 Marks]**

**2.** Journalise the following transactions in the Journal of PARMATMA:

| | |
|---|---|
| 01 Jan 2021 | Started business with Cash ` 4,00,000, Goods ` 2,00,000, Furniture ` 1,00,000. |
| 01 Jan 2021 | Opened Current Account with ` 2,00,000. |
| 02 Jan 2021 | Placed an order with Ritik Roshan for the supply of goods of the list price of ` 2,00,000. In this connection, we paid 9% of the list price as an advance by cheque. |
| 03 Jan 2021 | Ritik Roshan supplied goods of the list price of ` 2,00,000 *less* 12% trade discount. Packing and Delivery charges ` 2,000. |
| 04 Jan 2021 | Purchased goods from Murli of the list price of ` 2,00,000 *less* 12% trade discount and paid him by cheque under a cash discount of 5%. |
| 05 Jan 2021 | Received an order from Shyam for supply of goods of the list price of ` 2,00,000 with an advance of 10% of list price. |
| 06 Jan 2021 | Supplied the above goods at 10% trade discount. Packing and delivery charges ` 2,000. |
| 07 Jan 2021 | Goods costing ` 1,60,000 sold to Mr X at a profit of 20% on sales *less* 10% trade discount and received a cheque under 2% Cash discount. |
| 08 Jan 2021 | Goods (Cost ` 6,000, Sale Price ` 8,000) taken away by the proprietor for his personal use. |
| 09 Jan 2021 | Shyam became insolvent and paid 80 paise in a rupee in full & final settlement. |
| 10 Jan 2021 | Paid Ritik 80% on account. |
| 11 Jan 2021 | Goods (Cost ` 6,000, Sale Price ` 8,000) stolen. |
| 12 Jan 2021 | Paid Life Insurance Premium ` 2,000. |
| 13 Jan 2021 | Cash embezzled by an employee ` 2,000. |

**[18.75 Marks]**

**3.** From the following particulars, prepare Bank Reconciliation Statement of PRITHVI as at 31st March 2021:

| | | ` |
|---|---|---|
| 1. | Balance as per Cash Book | 800 |
| 2. | Cheques received and recorded in Bank Column but not yet sent to Bank for collection | 2,000 |
| 3. | Cheques deposited into the bank but not recorded in the Cash Book | 4,000 |
| 4. | Cheques deposited but not yet collected by the Bank | 3,000 |
| 5. | Cheques issued but not yet presented for payment | 5,000 |
| 6. | Bank Charges debited in Pass Book only | 400 |
| 7. | Interest allowed in Pass Book only | 200 |
| 8. | Insurance Premium paid directly by Bank under standing advice | 1,000 |
| 9. | Bills receivables directly collected by the Bank | 4,000 |
| 10. | Cheques deposited for collection, returned dishonoured and recorded in Pass Book only | 2,000 |
| 11. | 'Cheques Issued' returned on technical grounds | 600 |
| 12. | A wrong debit given by bank in pass book | 1,600 |
| 13. | A wrong credit given by bank in pass book | 800 |
| 14. | Bills discounted dishonoured but not recorded in Cash Book | 8,000 |
| 15. | Direct payment by a customer into the bank but not recorded in Cash Book | 1,400 |
| 16. | A Cash receipt recorded in Bank Column | 2,000 |
| 17. | A Cash payment recorded in Bank Column | 1,200 |

**[18.75 Marks]**

**4.**JAL & AGNI Ltd provides you the following information:

| *Date* | *Particulars* |
|---|---|
| 01.04.2018 | Purchased 10 second hand Machines for ` 18,00,000. incurred ` 1,40,000 towards freight & insurance, ` 40,000 towards carriage inward, Residual Value ` 8,19,200, Useful life 4 years. |
| 01.01.2019 | Incurred ` 14,000 towards Repairs and ` 6,000 on installation of machines and ` 24,000 towards Annual Insurance Premium and commenced the commercial production. |
| 01.10.2019 | Sold one machine at a profit of 10% |
| 01.01.2021 | Incurred ` 20,000 on repairs of Machines |
| 01.01.2021 | Sold one machine at a loss of 10% and purchased a new machine for ` 1,80,000 and spent ` 20,000 on its installation |

**Required:** Prepare the Machinery Account for three financial years using WDV Method assuming the rate of Depreciation @20%. **[18.75 Marks]**

**5.** From the following information, prepare Statement of Profit and Loss of VAYU for the year ended 31st March, 2021:

| ***Particulars*** | ***(` in lacs)*** |
|---|---|
| Revenue from Operations | 5,210 |
| Other Income | 80 |
| Cost of Materials consumed | 2000 |
| Changes in Inventories | (550) |

| | |
|---|---|
| Employee Benefits Expense | 1,700 |
| Finance Costs | 40 |
| Depreciation and Amortization Expense | 300 |
| Other Expenses | 200 |
| Tax Rate @ 30% | |

**[18.75 Marks]**

**6.** Following in the Balance Sheet of AAKASH Ltd as at 31.3.2021:

| *Particulars* | ` |
|---|---|
| **I. EQUITY AND LIABILITIES** | |
| **(1) Shareholders' Funds** | |
| (a) Share Capital(including 18% Pref. Share Capital ` 2,00,000) (` 10 each) | 5,00,000 |
| (b) Reserves and Surplus | 3,00,000 |
| **(2) Non-Current Liabilities** | |
| Long-term Borrowings | 16,00,000 |
| **(3) Current Liabilities** | |
| Short-term Borrowings | 80,000 |
| Trade Payables | 2,00,000 |
| Other Current Liabilities | 2,80,000 |
| Short-term Provisions | 2,40,000 |
| **Total** | 32,00,000 |
| **II. ASSETS** | |
| **(1) Non-Current Assets** | |
| Fixed Assets Tangible | |
| (i) Tangible Assets | 18,00,000 |
| (ii) Intangible Assets | 3,00,000 |
| Non-Current Investments | 1,00,000 |
| **(2) Current Assets** | |
| Current Investments | 40,000 |
| Inventories | 3,80,000 |
| Trade Receivables | 5,20,000 |

| | |
|---|---|
| Cash & Cash Equivalents | 20,000 |
| Short-term Loans & Advances | 20,000 |
| Other Current Assets(Prepaid Expenses) | 20,000 |
| **Total** | 32,00,000 |

Net Profit after Interest & Tax for the year 2020-2021 ` 7,20,000, Tax Rate 30%, Profit distributed as Equity Dividend ` 4,10,400, Operating Expenses ` 7,20,000, Market Price of an Equity Share ` 456, Net Sales ` 48,00,000.

**Required: Calculate** (a) Gross Profit Ratio, (b) Operating Ratio, (c) Net Profit Ratio, (d) Interest Coverage Ratio (e) Return on Total Assets (f) Return on Investment, (g) Return on Shareholders' Funds (h) Return on Equity Shareholders' Funds.(i) Earning Per Share, (j) Dividend per Share, (k) Dividend Payout Ratio, (l) Earning Yield, (m) Dividend Yield, (n) Price Earning Ratio **[18.75 Marks]**

**Unique Paper Code** **: 22415103**

**Name of the Paper** **: Basics of Accounting**

**Name of the Course** **: B.Com (Hons.)/CBCS**

**Semester** **: I**

**Duration : 3 Hours** **Maximum Marks : 75**

उम्मीदवारों के लिए निर्देश:

1. दिए गए छह प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. साधारण कैलकुलेटर का उपयोग करने की अनुमति है।
3. वर्किंग नोट्स को उत्तर का हिस्सा बनाना चाहिए।
4. सैद्धांतिक प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त और सटीक होने चाहिए।

प्र.1. (a) लेखांकन के कैश बेसिस (Cash basis) और अक्रूअल बेसिस (Accrual basis) के बीच कोई चार अंतर बताइये। (4 अंक)

(b) स्ट्रेट लाइन मैथड (Straight Line Method) और रिटन डाउन वैल्यू मैथड ( Written Down Value Method) के बीच कोई चार अंतर बताइये। (4 अंक)

(c) लीफो (Last In, First Out) और फीफो (First In, First Out) के बीच कोई चार अंतर बताइये। (4 अंक)

(d) सूची (इन्वेंट्री) मूल्यांकन की आवधिक और सतत विधि के बीच कोई चार अंतर बताइये।

(4 अंक)

(e) निःशेषण (Depletion) और परिशोधन (Amortisation) को परिभाषित कीजिए। (2.75 अंक)

प्र.2. परमात्मा (PARMATMA) के जर्नल में निम्नलिखित लेनदेन की जर्नल प्रविष्टियाँ कीजियेः

| | |
|---|---|
| 01 जनवरी 2021 | 4,00,000 रुपये नकद, 2,00,000 रुपये का माल और 1,00,000 रुपये के फर्नीचर के साथ व्यवसाय प्रारंभ किया। |
| 01 जनवरी 2021 | 2,00,000 रुपये नकद से चालू खाता खोला। |
| 02 जनवरी | ऋतिक रोशन को 2,00,000 रुपये मूल्य के माल की आपूर्ति के लिए |

| | |
|---|---|
| 2021 | एक आदेश दिया। इस संबंध में, हमने चेक द्वारा अग्रिम के रूप में सूची मूल्य का 9% भुगतान किया। |
| 03 जनवरी 2021 | ऋतिक रोशन ने 12% व्यापार छूट के साथ 2,00,000 रुपये मूल्य के माल की आपूर्ति की। पैकिंग और डिलीवरी शुल्क 2,000 रुपये। |
| 04 जनवरी 2021 | 12% व्यापारिक छूट के साथ 2,00,000 रुपये के मूल्य का माल खरीदा और उसे चेक द्वारा 5% की नकद छूट के तहत भुगतान किया। |
| 05 जनवरी 2021 | श्याम से 10% अग्रिम के साथ 2,00,000 रुपये मूल्य के माल की आपूर्ति का एक आदेश प्राप्त किया। |
| 06 जनवरी 2021 | उपरोक्त वस्तुओं को 10% व्यापारिक छूट पर आपूर्ति की। पैकिंग और डिलीवरी चार्ज 2,000 रुपये। |
| 07 जनवरी 2021 | श्री एक्स को बिक्री पर 20% के लाभ के साथ 1,60,000 मूल्य का माल 10% व्यापार छूट कम करके बेचा गया और 2% नकद छूट के तहत एक चेक प्राप्त किया। |
| 08 जनवरी 2021 | मालिक द्वारा माल (लागत 6,000 रुपये, जिसका बिक्री मूल्य 8,000 रुपये) अपने निजी इस्तेमाल के लिए ले जाया गया। |
| 09 जनवरी 2021 | श्याम दिवालिया हो गया और पूर्ण और अंतिम निपटान में एक रुपये में 80 पैसे का भुगतान किया। |
| 10 जनवरी 2021 | ऋतिक को 80% भुगतान किया। |
| 11 जनवरी 2021 | (लागत 6,000 रुपये, जिसका बिक्री मूल्य 8,000 रुपये) का माल चोरी हो गया। |
| 12 जनवरी 2021 | जीवन बीमा प्रीमियम 2,000 रुपये का भुगतान। |
| 13 जनवरी 2021 | एक कर्मचारी द्वारा 2,000 रुपये नकद का गबन । |

(18.75 अंक)

प्र.3. दिनांक 31 मार्च 2021 को दिये गये निम्नलिखित विवरणों से पृथ्वी का बैंक समाधान विवरण तैयार कीजियेः

| **विवरण** | **रकम (रु0)** |
|---|---|
| 1. रोकड़ बही (कैश बुक) के अनुसार शेष राशि। | 800 |
| 2. चेक प्राप्त किये और बैंक कॉलम में दर्ज कर दिये गए। लेकिन अभी तक संग्रह के लिए बैंक को नहीं भेजे गये। | 2,000 |
| 3. चेक बैंक में जमा किए गए, लेकिन कैश बुक में दर्ज नहीं किए गए। | 4,000 |
| 4. चेक बैंक में जमा किए गए, लेकिन बैंक द्वारा अभी तक वसूले नहीं किए गए। | 3,000 |
| 5. चेक जारी किए गए लेकिन भुगतान के लिए अभी तक प्रस्तुत नहीं किए गए। | 5,000 |
| 6. बैंक शुल्क केवल पास बुक में डेबिट किया गया। | 400 |
| 7. ब्याज मिला केवल पास बुक में दर्ज किया गया। | 200 |
| 8. स्थायी सलाह के तहत बैंक द्वारा सीधे भुगतान किया गया बीमा प्रीमियम। | 1,000 |
| 9. बैंक द्वारा सीधे एकत्रित किये गये प्राप्य बिल। | 4,000 |
| 10. वसूली करने के लिए बैंक में जमा किए गए चेक, बैंक द्वारा अनादरित लौटा दिए गए और केवल पास बुक में दर्ज किये गये। | 2,000 |
| 11. 'जारी किए गए चेक' बैंक द्वारा तकनीकी आधार पर लौटा दिये गये। | 600 |
| 12. पास बुक में बैंक द्वारा गलत डेबिट किये गये। | 1,600 |
| 13. बैंक द्वारा पास बुक में गलत क्रेडिट दिया गया। | 800 |
| 14. भुनाए गए बिल अनादरित हो गए लेकिन कैश बुक में दर्ज नहीं किए गए। | 8,000 |
| 15. ग्राहक द्वारा बैंक में सीधे भुगतान कर दिया गया लेकिन कैश बुक में दर्ज नहीं हुआ। | 1,400 |
| 16. बैंक कॉलम में दर्ज नकद रसीद । | 2,000 |
| 17. बैंक कॉलम में दर्ज नकद भुगतान। | 1,200 |

| *दिनांक* | *विवरण* |
|---|---|
| 01.04.2018 | 18,00,000 रुपये में 10 सेकंड हैंड मशीनें खरीदीं गयीं। माल ढुलाई और बीमा के लिए 1,40,000 रुपये खर्च किये, मशीनों की आवक ढुलाई के लिए 40,000 रुपये खर्च किये, मशीनों का अवशिष्ट मूल्य 8,19,200 रुपये है, मशीनों का उपयोगी जीवन 4 वर्ष का है। |
| 01.01.2019 | मशीनों की मरम्मत के लिए 14,000 रुपये, मशीनों की स्थापना पर 6,000 रुपये और वार्षिक बीमा प्रीमियम के रूप में 24,000 रुपये खर्च किए गए तथा वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया। |

| | |
|---|---|
| 01.10.2019 | एक मशीन 10% लाभ पर बेची गयी है। |
| 01.01.2021 | मशीनों की मरम्मत पर 20,000 रुपये खर्च किए गए हैं। |
| 01.01.2021 | एक मशीन 10% के नुकसान पर बेची गयी और एक नई मशीन 1,80,000 रुपये में खरीदी गयी है और इसकी स्थापना पर 20,000 रुपये खर्च किए है। |

(18.75 अंक)

**4. जल और अग्नि लि0 आपके समक्ष निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करती हैः**

20% मूल्यह्रास की दर मानकर डब्ल्यूडीवी (रिटन डाउन वैल्यू) पद्धति का उपयोग करते हुए तीन वित्तीय वर्षो के लिए मशीनरी खाता तैयार कीजिये। (18.75 अंक)

5. निम्नलिखित जानकारी से दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए वायु के लाभ और हानि का विवरण तैयार कीजियेः

| *विवरण* | **रकम (लाख)** |
|---|---|
| परिचालन से राजस्व | 5,210 |
| अन्य आय | 80 |
| खपत किये गये माल की लागत | 2000 |
| माल सूची में परिवर्तन | (550) |
| कर्मचारी लाभ व्यय | 1,700 |
| वित्तीय लागत | 40 |
| मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | 300 |
| अन्य खर्चे | 200 |
| कर की दर @ 3% | |

(18.75 अंक)

प्र.6. दिनांक 31.03.2021 के अनुसार आकाश लिमिटेड का तुलन पत्र निम्न थाः

| *विवरण* | ` |
|---|---|
| I. इक्विटी और देनदारियाँ | |
| (1) शेयरधारकों की निधि | |
| (a) शेयर पूंजी (18% वरीयता शेयर पूंजी 2,00,000 रुपये सहित) (10 रुपये प्रत्येक) | 5,00,000 |
| (b) रिजर्व और अधिशेष | 3,00,000 |
| (2) गैर-वर्तमान देयतायें | |
| दीर्घकालीन के उधार | 16,00,000 |
| (3) वर्तमान देयताएं | |
| अल्प-कालीन उधार | 80,000 |
| व्यापार देनदारियाँ | 2,00,000 |
| अन्य चालू देनदारियाँ | 2,80,000 |
| अल्पकालिक प्रावधान | 2,40,000 |
| योग | 32,00,000 |
| II. संपत्ति | |
| (1) गैर-वर्तमान संपत्ति | |
| अचल संपत्ति मूर्त | |
| (i) मूर्त संपत्ति | 18,00,000 |
| (ii) अमूर्त संपत्ति | 3,00,000 |
| गैर-वर्तमान निवेश | 1,00,000 |
| (2) वर्तमान संपत्तियाँ | |
| वर्तमान निवेश | 40,000 |

| | |
|---|---|
| मालसूची | 3,80,000 |
| व्यापारिक प्राप्य | 5,20,000 |
| नकद और नकद समकक्ष | 20,000 |
| अल्पकालिक ऋण और अग्रिम | 20,000 |
| अन्य वर्तमान संपत्तियाँ (प्रीपेड व्यय) | 20,000 |
| योग | 32,00,000 |

वर्ष 2020-2021 के लिए ब्याज और कर के बाद शुद्ध लाभ 7,20,000 रुपये का है, कर की दर 30%, इक्विटी लाभांश के रूप में वितरित लाभ 4,10,400 रुपये का है, परिचालन व्यय 7,20,000 रुपये के है, इक्विटी शेयर का बाजार मूल्य 456 रुपये है, शुद्ध बिक्री 48,00,000 रुपये की है।

गणना कीजियेः (a) सकल लाभ अनुपात, (b) परिचालन अनुपात, (c) शुद्ध लाभ अनुपात, (d) ब्याज कवरेज अनुपात (e) कुल संपत्ति पर रिटर्न (f) निवेश पर रिटर्न, (g) शेयरधारकों के फंड पर पर रिटर्न (h) इक्विटी शेयरधारकों के फंड पर वापसी। (i) प्रति शेयर आय, (j) प्रति शेयर लाभांश, (k) लाभांश भुगतान अनुपात, (l) आय का प्रतिशत, (m) लाभांश आय, (n) मूल्य अर्जन अनुपात।

(18.75 अंक)